तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 6 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



4 सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित




## खबर संक्षेप

### नवागढ़ में ग्राम पटेल संघ की बैठक 8 को

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पटेल संघ की बैठक शुक्रवार 8 मई को नवागढ़ में आहूत की गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार राठौर ने बताया कि ग्राम पटेल संघ की बैठक 8 में को दोपहर 12 बजे जनपद कार्यालय नवागढ़ के पीछे होगी उन्होंने संघ के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी से बैठक में शामिल होने अपील की है

### महिला सशक्तिकरण केंद्र में आईटी. असिस्टेंट पद के लिए आवेदन 1 तक

**सक्ती।** भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से "मिशन शक्ति" की शुरुआत की गई है, जिसके तहत राज्य स्तर पर महिला सशक्तिकरण केंद्र हब (एसएचईडब्लू ) तथा प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र हब (डीएचईडब्लू ) स्थापित किए गए हैं। मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 1 संविदा पद की पूर्ति के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अंतर्गत आई.टी. असिस्टेंट के एक पद पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिनकी अंतिम तिथि 1 जून तक निर्धारित की गई है। आवेदन कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला सक्ती में स्वीकार किए जाएंगे। उक्त पद के लिए स्वीकृत पदों की संख्या 1 है, वेतन मैट्रिक्स लेवल 7 निर्धारित है तथा चयनित अभ्यर्थी को 20 हजार 900 रुपये प्रतिमाह संविदा वेतन प्रदान किया जाएगा।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग संस्थान में प्रवेश के लिए आवेदन 8 तक

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं, 12वीं एवं ड्रॉपर बैच में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी, आकांक्षा कार्यक्रम ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जो छात्र राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उनसे अब 8 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय, जिला पंचायत परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन आज तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत भाठापारा (लछनपुर) में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु 6 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा ने बताया कि आवेदन कार्यालयीन समय में ऑनलाईन लिंक के माध्यम से कर सकते है। संपर्क किया जा सकता है।

### जनदर्शन में कुल 88 आवेदन हुए प्राप्त, सुनी समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। जनदर्शन में कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए जनदर्शन के दौरान ही तत्काल संबंधित अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की और तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

---

### अचानक बदला मौसम का मिजाज, वातावरण में आई ठंडकता

# अंधड़ के साथ झमाझम बारिश, कई जगहों पर गिरे ओले, बिजली गुल





अंधड के साथ सड़क पर गिरे पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मंगलवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और धूल भरी तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश ने शहर सहित आसपास के पूरे अंचल को तर-बतर कर दिया। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया और वातावरण में ठंडक घुल गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। इसके अलावा कई जगहों पर ओले भी गिरे। इधर अंधड और बारिश से धान की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बढ़ गई है।

मंगलवार 5 मई को दिन भर सूरज की किरणें आग बरसाती रही। दोपहर के वक्त तापमान 42 डिग्री को पार कर गया था। इसके बाद शाम से आसमान पर काले बादल छाने लगे। शाम करीब 7 बजे मौसम ने करवट ली। इस दौरान धूल भरी अंधड चलने लगी, फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिला मुख्यालय जांजगीर में तकरीबन आधे घंटे तक अच्छी बारिश हुई, इसके बाद देर रात तक बूंदाबांदी ओर बरसात होती रही। मौसम के इस बदलाव के दौरान जिला मुख्यालय में लगभग आधे घंटे तक बिजली भी गुल रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अंधेरा छाने से घरों और बाजारों में कामकाज प्रभावित रहा। इधर नवागढ़ क्षेत्र के तुलसी, केरा, मिसदा, खैरताल तरफ झमाझम बारिश हुई। कुछ जगहों पर ओले भी पडे। बारिश और अंधड शुरू होने के साथ ही इस क्षेत्र में बिजली गुल हो गई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं, जिससे आवागमन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। इधर, इस बारिश ने जहां आम लोगों को राहत दी, वहीं किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रबी सीजन की फसल तैयार होने की स्थिति में है, ऐसे में तेज हवा और बारिश के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल कई जगह गिरने लगी है। इससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम का यही रुख बना रहा तो फसलों को नुकसान हो सकता है। फिलहाल, मौसम में आई इस अचानक तब्दीली ने जनजीवन के साथ खेती-किसानी दोनों को प्रभावित किया है।

---

# मामूली विवाद पर गला दबाकर ले ली जान, दो आरोपी गिरफ्तार

## पामगढ़ थाना क्षेत्र के खरखोद की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पुलिस गिरप्त में आरोपी।

मामूली विवाद पर दो लोगों ने एक व्यक्ति की बेरहमी की पिटाई की और फिर गला दबाकर उसकी जान ले ली। पुलिस ने हत्या के आरोप में दोनों को गिरप्तार कर लिया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के खरखोद गांव की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश प्रजापति अपनी पत्नी दिव्या और डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ 29 अप्रैल को रिश्तेदार के यहां विवाह कार्यक्रम में शामिल होने खरखोद गया था। रात करीब 11:30 बजे वह शराब के नशे में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ विवाद करने लगा। बच्चे के ऊपर पैर रखने और गाली-गलौच करने पर पत्नी ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन विवाद बढ़ गया। इसके बाद जगदीश घर छोड़कर गांव में ही एक अन्य स्थान पर जाकर सो गया। सुबह उसका कही कोई पता नहीं चला। इसके बाद बीते 3 मई को उसकी लाश गांव में ही एक घर के पीछे दीवार के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लाश से दुर्गंध आना शुरू हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान पीएम रिपोर्ट के आधार पर थाना पामगढ में धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। हत्या के मामले को गंभीरता को देखते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी देसाई कुम्हार व रामनारायण प्रजापति को पकडा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने गला दबाकर, डंडा, हाथ मुक्का से मारपीट कर हत्या करना जुर्म स्वीकार किया।

---

# बिर्रा क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की समस्या से मोबाइल धारक परेशान

**बिर्रा।** क्षेत्र में जिओ की सीम नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा में और बिर्रा अंचल के तीन दर्जन गांवों में जिओ सीम नेटवर्क का कवरेज खराब हो जाने के कारण नेटवर्क का रेंज कम हो गया है।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा और आसपास के तीन दर्जन गांवों में पिछले लगभग कई महीना से जिओ का नेटवर्क में खराबी आ जाने के कारण जिओ के मोबाइल उपभोक्ताओं को मोबाइल चलाने में भारी परेशान है। पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा के के अलावा क्षेत्र के कई गांवों में जिओ सीम नेटवर्क का कवरेज को जिओ नेटवर्क के अधिकारी कर्मचारी रेंज को कम कर दिए हैं।

---

# चार घरों में हुई चोरी का पर्दाफाश तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



जब्त सामान के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा क्षेत्र के ग्राम मधईपुर के चार धरों में हुए चोरी का पर्दाफाश पुलिस ने कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदा क्षेत्र के ग्राम मधईपुर में हुई सिलसिलेवार चोरी की चार घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोना -चांदी के आभूषण, नगदी, बर्तन, टीवी, मोबाइल सहित बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। 2 से 3 मई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने थाना बलौदा क्षेत्र के मधईपुर गांव के चार अलग-अलग घरों को निशाना बनाया। चोरों ने घरों में घुसकर अलमारी और पेटियों में रखे कीमती जेवर, नगदी व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। पहली घटना में संतराम रात्रे के घर से चांदी का पायल व सोने का लॉकेट चोरी हुआ। दूसरी घटना में रवि शंकर रात्रे के घर से चांदी का पायल, मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट व नगदी पार कर दी गई। तीसरी घटना में रेशम लाल रात्रे के सूने मकान का ताला तोड़कर बिछिया, सोने के आभूषण, कांस -पीतल के बर्तन व नगदी चोरी की गई। मामले में अमृत पटेल पिता रामलाल पटेल, उत्तम पठारे पिता अमरनाथ पठारे एवं तुलसी पटेल पिता एकादशी पटेल को गिरफ्तार किया गया है।

---


### अभाविप जांजगीर द्वारा महाविद्यालय से जुड़े विषयों पर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया


**जांजगीर-चांपा।** शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर में अभाविप कार्यकर्ताओं व छात्राओं द्वारा विभिन्न विषय जैसे महाविद्यालय के वाटर कूलर में तकनीकी खराबी के चलते सुचारू रूप से कार्य नही कर रहा है, छात्राओं के प्रसाधन की मरम्मत व छात्राओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर महाविद्यालय के प्राचार्य के समक्ष छात्रहित में त्वरित संज्ञान लेकर सुधार कार्य करने की बात कही गई। जिस पर प्राचार्य द्वारा शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। छात्र छात्राओं ने बताया कि वॉटर कूलर में तकनीकी खराबी के चलते काम नहीं कर पा रहा है। साथ ही विभिन्न विषयों पर छात्रहित में त्वरित संज्ञान कर सुधार कार्य करने की बात कही।

---

# शिवरीनारायण-केरा मुख्य मार्ग की ओर पहुंचा भालू, लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा





शिवरीनारायण- केरा मुख्य मार्ग पर दिखा भालू।

पिछले दो दिनों से पामगढ़ क्षेत्र में घुम रहा भालू तीसरे दिन मंगलवार 5 मई की सुबह शिवरीनारायण केरा रोड पर नजर आया। भालू को सबसे पहले शिवरीनारायण-केरा रोड मुख्य मार्ग पर देखा गया,जहां सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों और राहगीरों की नजर उस पर पड़ी। देखते ही देखते यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोगों में भय का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह लगभग 5 से 6 बजे के बीच भालू सड़क किनारे मुख्य मार्ग की से निकलकर झाड़ियों तरफ आता दिखाई दिया। अचानक भालू को सामने देखकर कई लोग घबरा गए और सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। कुछ ग्रामीणों ने दूर से ही मोबाइल फोन से उसका वीडियो बनाने का प्रयास भी किया। हालांकि भालू ने किसी पर हमला नहीं किया,लेकिन आबादी वाले क्षेत्र में उसकी मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। बताया जा रहा है कि इसके बाद भालू तुस्मा बंधान तालाब क्षेत्र की ओर बढ़ गया,जहां तालाब के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने भी उसे विचरण करते हुए देखा। इसके पश्चात मुड़पार फिर केरा तरफ भी उसे सड़क किनारे देखा गया। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वन विभाग जल्द ही स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण करेगा,ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

---

# औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने दर्जनों मेडिकल संस्थानों में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



मेडिकल दुकान में जांच पड़ताल करते विभागीय टीम

औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सक्ती जिले के दर्जनों मेडिकल संस्थानों में दबिश दी। इस दौरान क्रय विक्रय दस्तावेज और लायसेंस की जांच की गई।

ज्ञात हो कि सक्ती जिले में औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त और राजस्व विभाग की टीम ने मेडिकल दुकान सूरजभान मेडिकल स्टोर, सोनकेसरिया मेडिकल स्टोर, समृद्धि मेडिकल स्टोर,डालमिया मेडिकल स्टोर, श्याम मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स, अभिषेक फार्मा, ममता मेडिकल स्टोर और रतेरिया मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। दुकानों में सघन रूप से दवाओं के क्रय-विक्रय दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर और लाइसेंस की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रतेरिया मेडिकल स्टोर्स से 1 औषधि का नमूना जांच के लिए लिया गया। सभी दवा दुकानों को बिना पर्ची के नारकोटिक्स की दवा को विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पर्ची की कॉपी भी अपने पास संधारण करने हेतु निर्देशित किया गया। नियमों की अवहेलना करने पर सख्त प्रशानिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी।

इस संबंध में ड्रग इंस्पेक्टर दुर्गेश कैवर्त्य का कहना है कि सक्ती जिले के विभिन्न मेडिकल संस्थानों में जांच की गई। साथ ही बिना पर्ची के नारकोटिक्स दवा वितरण नहीं करने निर्देश दिए।

---

### खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम ने दी दबिश

# रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई, 9 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





जब्त वाहन के साथ विभागीय टीम।

रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने 9 वाहनों को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

मंगलवार 5 मई को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर रोकथाम हेतु राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों का औचक जांच किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने पर 02 हाइवा जब्त कर जब्त कर थाना बम्हनीडीह के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार जांजगीर क्षेत्र में 3 ट्रैक्टर जब्त कर खनिज विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। साथ ही देवरहा, पीथमपुर, हाथनेवरा, गढ़ापाली, केवा नवापारा क्षेत्र तथा जांजगीर मुख्य मार्ग में जांच करते हुए कुल 4 हाईवा को खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर पुलिस लाइन खोखरा में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध परिवहन के दर्ज प्रकरणों पर अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री महोबे के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के संबंध में खनिज विभाग द्वारा निरंतर जांच कार्यवाही की जा रही है, जो कि आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगी।

---

# महाविद्यालय के पीछे स्टेडियम के पास संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय के पीछे पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के पास एक 19 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रूपेश चौहान पिता– शेखर चौहान के रूप में हुई है, जो कॉलेज के पास ही निवास करता था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रूपेश चौहान का शव सोमवार सुबह महाविद्यालय के बगल एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। सुबह करीब छह बजे मोहल्ले के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मृतक की मां ने बताया कि रूपेश पिछले तीन महीनों से रायपुर में मिस्त्री का काम कर रहा था और एक दिन पहले ही घर लौटा था। शाम को घर में खाना खाने के बाद वह बाहर निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। सुबह उसकी मौत की खबर मिली। परिजनों के अनुसार, रूपेश के पिता लंबे समय से बीमार रहते हैं। परिवार में दो भाई और एक बहन हैं, जिनमें रूपेश दोनों भाइयों में बड़ा था। अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### खैरवार समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। ग्राम पंचायत ढोंगदरहा के आश्रित ग्राम सालिहाभाठा में खैरवार समाज के लिए सामुदायिक भवन के भूमिपूजन के साथ ही क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों को भी स्वीकृति दी गई है। इस दौरान क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और सामाजिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है, ताकि हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे। ग्रामीणों ने भी अपनी विभिन्न समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### जमीन अफरा तफरी के मामले में प्रोफेसर भेजे गए जेल

**कोरबा।** जमीन खरीदी-बिक्री के धोखाधड़ी के मामले में दोनों पक्षों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील की गई थी जहां मामले को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. ममता भोजवानी के न्यायालय में सौंपा गया था जहां मामले की सुनवाई हुई और धोखाधड़ी के मामले में प्रोफेसर की सजा को यथावत करते हुए जेल भेज दिया गया है। न्यायालयीन सूत्रों के मुताबिक जमीन के अफरा तफरी के मामले में पुलिस ने पूर्व में प्रोफेसर सुरेश चंद तिवारी और उसकी पत्नी सुधा तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था और न्यायालय में पेश किया था। जहां पूर्व में सजा सुनाई गई थी जिसे लेकर दोनों ही पक्षों ने मामले को अपील में डाला था जहां मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ममता भोजवानी के न्यायालय में चल रही थी जहां न्यायालय में मामले में निर्णय पारित करते हुए प्रोफेसर सुरेश चंद तिवारी के तीन वर्ष सश्रम कारावास को यथावत करते हुए 10 हजार रुपए का अर्थदंड और अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाते हुए उसे जेल भेज दिया गया है और उसकी पत्नी सुधा तिवारी को दोषमुक्त किया गया है।

### सेवानिवृत्त प्रधानपाठक को दी गई विदाई

**रजगामार।** प्राथमिक शाला रजगामार के प्रधानपाठक शिवप्रसाद कौशिक के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रीमती उषा दिनेश कुर्रे जनपद सदस्य, सरपंच हरि सिंह राठिया, लक्ष्मी श्रीवास अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, जितेंद्र कुमार राठौर, पंच पूर्व उपसरपंच, जागेश्वर महिलांगे मैनेजर एसईसीएल, स्वयंप्रभा मित्र बैंक प्रबंधक, प्राचार्य श्रीमती त्रिवेणी भास्कर मंचस्थ रहे।

**राजस्व मामले में नोटिस**
**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला सक्ती (छ.ग.)**
पु.प्र.क्र. 202407310200012/अ-6/2023-24
ग्राम जैजैपुर तहसील जैजैपुर

पक्षकार- 1. अमरीका बाई उम्र 55 वर्ष पिता जैतराम पति राजकुमार निवासी ग्राम बोडसरा हाल मुकाम तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.) 2. जानकी बाई उम्र 38 वर्ष पिता जैतराम जाति चन्द्रा ग्राम बोड़सरा हाल मुकाम सलनी तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)

बनाम

1. गंगोत्री बाई उम्र 42 वर्ष बेवा सालिक राम जाति चन्द्रा 2. पूजा 27 वर्ष पिता सालिक राम 3. अनुज उम्र 25 वर्ष पिता राम चन्द्रा सभी जाति चन्द्रा निवासी ग्राम बोड़सरा तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)

प्रति, 1. गंगोत्री बाई उम्र 42 वर्ष बेवा सालिक राम जाति चन्द्रा 2. पूजा 27 वर्ष पिता सालिक राम 3. अनुज उम्र 25 वर्ष पिता राम चन्द्रा सभी जाति चन्द्रा निवासी ग्राम बोड़सरा तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)... अनावेदकगण आवेदक अमरीका बाई पिता जैतराम पति राजकुमार ग्राम बोड़सरा हाल मुकाम मुरलीडीह तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) 01 अन्य न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202204061000076/169/अ-6/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 28.03.2024 के विरूद्ध पुनरीक्षण प्रस्तुत कर उक्त आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है। आपको पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 14.05.2026 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए दिनांक 14.05.2026 है वह इस वाद के निपटारे के लिए नियत है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारिख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

आज दिनांक 9.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**सक्ती**

# पहाड़ों से घिरे पिछड़े जनजातीय ग्रामों में पहुंची पीएम जनमन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों का आवागमन हुआ आसान

**खास बातें**
- सोनारी व जामभाठा जैसे दुरस्थ अंचल क्षेत्रों में बरसात के समय ग्रामीणों को पहुंचना होता था मुश्किल



विकासखण्ड के दूरस्थ, पहाड़ी और जंगलों की गोद में बसे जामभाठा, सोनारी और आसपास के छोटे-छोटे पारा-टोले, जहाँ वर्षों से विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और पंडो परिवार निवास करते आ रहे थे। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह क्षेत्र जितना सुंदर था, उतना ही कठिन भी।

गाँव तक आने-जाने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं थी। लोग पथरीली और ऊबड़-खाबड़ पगडंडियों से गुजरते थे। बारिश के दिनों में कीचड़ और फिसलन से रास्ता और भी खतरनाक हो जाता था। बीमार को अस्पताल ले जाना हो, किसी बुजुर्ग को बाहर ले जाना हो या बच्चों की पढ़ाई, हर कदम संघर्ष से भरा हुआ था। ग्राम देवपहरी मुख्य मार्ग से भीतर के इन गाँवों तक पहुँचना कई बार ऐसा लगता था जैसे दुनिया से कटकर एक अलग पहाड़ी द्वीप में प्रवेश कर रहे हों। लोगों को राशन लाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था और फिर सिर पर बोरा रखकर उसी कच्चे, पथरीले रास्ते से लौटना पड़ता था। बरसात में तो कोई वाहन आने को तैयार ही नहीं होता था, जिससे गाँव का संपर्क लगभग टूट जाता था। प्रधानमंत्री की पहल के पश्चात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में इस योजना के अंतर्गत जामभाठा, सोनारी और आसपास के टोला-पारा तक पक्की सड़क पहुँचाने का निर्णय लिया गया। लगभग 3.60 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण पहाड़ी और पथरीले भू-भाग पर एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन संकल्प और प्रयासों ने इसे संभव बना दिया। अब न सिर्फ आवागमन आसान हुआ है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सुविधाओं तक पहुँच भी सरल हो गई है।

## 27 अप्रैल की दरमियानी रात ट्रेलर के चालक ने उड़ाया था ट्रैफिक पोल

# सात दिन बीत जाने के बाद भी टीपी नगर ध्वस्त ट्रैफिक सिग्नल नहीं हो पाया खड़ा



वह स्थान जहां लगा था ट्रैफिक सिग्नल।



शाम को बनती है जाम की स्थिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने एक सप्ताह पूर्व टीपी नगर चौक में तेजी एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चौक में लगे ट्रैफिक सिग्नल के खंबे को ध्वस्त कर दिया था। जिससे विद्युत पोल, कैमरा सहित अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गई थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी राघव कंपनी द्वारा अब तक सुधार कार्य नहीं किया गया है। जिससे देर शाम टीपी नगर चौक में जाम की स्थिति निर्मित होती है।

उल्लेखनीय है कि 27 अप्रैल की दरमियानी रात एक ट्रेलर चालक ग्राम परला खतौउहा पारा थाना बांगो निवासी रामलाल अगरिया उम्र 24 वर्ष पिता धनसिंह अगरिया के द्वारा अपने ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12बीजी 7284 को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टीपी नगर चौक में लगे ट्रैफिक सिग्नल और पोल में लगे एडवर्टाइजिंग पोल को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में ट्रैफिक सिग्नल पोल, यातायात सूचक लाइट, विज्ञापन बोर्ड, काउंटडाउन टाइमर एवं निगम का कैमरा क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सूचना रायपुर की कंपनी राघव को दी थी। कंपनी के कुछ कर्मचारी विगत दिनों शहर पहुंचे थे और ध्वस्त हुए ट्रैफिक सिग्नल को अपने साथ भी ले गए थे लेकिन 7 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक ट्रैफिक सिग्नल का पोल लग नहीं पाया है ना ही ठोस पहल की गई है। शहर के सबसे व्यस्ततम चौक में टीपी नगर चौक है जहां चारों दिशाओं से वाहनों का आना-जाना होता है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। शाम के समय सबसे ज्यादा इस मार्ग में भारी वाहन गुजरते हैं और शाम के समय ही जाम की स्थिति निर्मित होती है। जल्द ही यदि इस ट्रैफिक सिग्नल का सुधार कार्य चालू नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में और भी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**चालक के खिलाफ पुलिस ने किया था मामला दर्ज**

जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 27 अप्रैल को रजगामार गायत्री नगर निवासी दिनेश कुमार आदित्य पिता धनाराम आदित्य उम्र 49 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह राघव एडवरटाइजिंग कम्पनी में कार्यरत है तथा कोरबा शहर में ट्रैफिक सिग्नल के मेंटेनेंस का कार्य करता है। रात्रि लगभग 1:30 बजे टीपी नगर चौक स्थित के सामने ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजी 7284 का चालक वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ट्रैफिक सिग्नल में लगे एडवर्टाइजिंग पोल को टक्कर मार दिया। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग विद्युत आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आग से जलता ट्रांसफार्मर

कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी ग्राम बस्ती में तेज आंधी और बारिश के बीच ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जलने लगा। दमकल के समय पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने खुद ही मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब 7 बजे अचानक मौसम बिगड़ा और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया।

**खास बात**
- आंधी तूफान और बारिश के बाद चरमराई व्यवस्था

बताया जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी, तारों की जर्जर स्थिति और लीकेज के कारण वायर आपस में टकराए, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ। घटना के दौरान आसपास दमकल वाहन उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ग्रामीणों ने रेत, मिट्टी और पानी की मदद से घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल चुका था। आग की घटना के बाद पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। उसी समय एक घर में शादी समारोह भी चल रहा था, जिससे मेहमानों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। खाना बनाने और अन्य व्यवस्थाओं में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रात में ही सुधार कार्य शुरू कर दिया। हालांकि बिजली आपूर्ति सामान्य होने में कई घंटे लग गए। ग्रामीणों का कहना है कि छुरी बस्ती एक औद्योगिक क्षेत्र है, जहां कई फैक्ट्रियां संचालित हैं, लेकिन एनटीपीसी को छोड़कर कहीं भी फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं है। लोगों ने मांग की है कि सभी उद्योगों में अनिवार्य रूप से दमकल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई हो सके।

# अब उपभोक्ताओं को घर बैठे मिलेगा नया बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए नई सौगात दी गई है। बिजली विभाग ने नया कनेक्शन लेने के लिए बार-बार दफ्तर जाने से मुक्ति दिलाने हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से सुगम बना दिया है। अब घर बैठे ही कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा सरलता लाना है।

**खास बात**
- वेहतर सुविधा देने विभाग की नई पहल : अम्बस्थ



श्री अम्बस्थ

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने उपभोक्ताओं की सेवा में विस्तार करते हुए 1 अप्रैल से नवीन विद्युत कनेक्शनों के आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः ऑन लाइन करने की सुविधा प्रारंभ की है। अब लोगों को नवीन कनेक्शन हेतु विद्युत कार्यालय जाने की आवश्यकता नही होगी। नवीन कनेक्शनों के ऑन लाइन आवेदन मोर बिजली एप एवं सीएससी में कंपनी वेबसाइट के माध्यम से भी कर सकता है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की वेबसाइट पर पंजीकृत ऑन लाइन नवीन कनेक्शनों के आवेदनों पर विद्युत कंपनी द्वारा आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी। ऐसे आवेदक जो आवेदन ऑन लाइन नहीं कर भौतिक रूप से वितरण केन्द्र, जोन, उपसंभाग कार्यालय में प्रस्तुत करते हैं, उनके आवेदनों को ऑन लाइन कनेक्शन वितरण केन्द्र, उपसंभाग, जोन कार्यालयों के हेल्प डेस्क हेतु जिम्मेदार ऑफिस स्टॉफ, कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता द्वारा कार्यालय के कम्प्यूटर सिस्टम में ऑन लाइन पंजीबद्ध करना होगा। आवेदन आवेदक के मोबाइल नम्बर से ही ऑनलाइन पंजीकृत किया जाएगा।

# ग्राम पंचायतों से निकल गया क्यूआर कोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायतों के लिए जारी होने वाली राशि से होने वाले खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए ग्राम पंचायत भवन में लगाए जाने वाले क्यूआर कोड अब नजर नहीं आ रहे हैं। सुशासन तिहार में अधिकारियों से ऐसी भी शिकायतें सामने आई है। पंचायत जन प्रतिनिधि पारदर्शिता के कार्यों में बाधा पहुंचा रहे हैं।

**खास बातें**
- योजनाओं सहित खर्च की जानकारी होती थी सार्वजनिक
- सुशासन तिहार में आ र ही शिकायतें सामने

जनपद से लेकर जिला पंचायत तक होने वाली सामान्य सभा की बैठक में स्थानीय एजेंडों को लेकर विभागीय अधिकारियों के समीक्षा करने वाले जनप्रतिनिधि अपने ही क्षेत्र में शासकीय राशि के खर्च के ब्यौरे में पारदर्शिता लाने के संबंध में दिलचस्पी नहीं दिखाते। ऐसे मामल अब सुशासन तिहार में मिल रही शिकायतों में सामने आ रहे हैं। जिसमें कई बड़ी ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत भवन में क्यूआर कोड नहीं लगे हैं। पंचायतों में क्यूआर कोड अधिकारियों के निर्देश पर शुरुआती दौर में लगाए गए थे, वह भी निकाल लिए गए हैं। क्यू आर कोड लगाए जाने की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों को दी गई थी। पंचायत सचिव अपनी गड़बड़ी छिपाने के उद्देश्य से क्यूआर कोड लगाने में रूचि नहीं ले रहे हैं। वहीं पंचायत के सरपंच व पंच के साथ जनपद सदस्यों ने भी क्यूआर कोड लगाए जाने को लेकर किसी भी तरह का मुद्दा अधिकारियों के सामने नहीं रखा है।

**अधिकारियों ने नहीं किया पंचायतों का निरीक्षण**

दफ्तरों में बैठकर पंचायत भवन में क्यूआर कोड लगाए जाने का निर्देश देने वाले अधिकारियों ने उनके निर्देशों का किस तरह पंचायतों में अमल हो रहा है इसका निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायतों के भवन में क्यूआर कोड नजर नहीं आ रहे हैं। जबकि इनके जनप्रतिनिधि प्रतिदिन जनपद व जिला पंचायत के चक्कर काटते नजर आते हैं। इनमें ग्राम पंचायत दोंदरो व बेला, जामबहार, रजगामार, नकटीखार जैसी शहर से लगी ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इन पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर भी ग्रामीणों ने शिकायत की है। सीसी रोड निर्माण के दौरान कितनी राशि पंचायत में जारी हुई इसकी भी जानकारी पंच तक को नहीं दी गई है।

**15 वित्त की राशि पंचायतों को हुई जारी**

ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर 15 वित्त में जारी होने वाली राशि अप्रैल महीने में ही पंचायतों को जारी कर दी गई है। उक्त राशि से छोटे मोटे मूलभूत विकास के कार्य कराए जाते हैं। बड़ी ग्राम पंचायतों में 15 वित्त की राशि में भी गड़बड़ी की शिकायतें ग्रामीणों के द्वारा जिला प्रशासन को जनदर्शन में की गई। ऐसे मामले जनपद पंचायत पाली के चैतमा और इरफ, बक्साही आदि ग्राम पंचायतों में सामने आ रहे हैं।

# अब आंगनबाड़ी में बनेगी अपार आईडी अभिभावकों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




तीन से छह वर्ष तक के बच्चों की अपार आईडी अब आंगनबाड़ी केंद्रों में बनेगी। इस व्यवस्था से क्लास-1 में प्रवेश के दौरान दस्तावेजों की परेशानी कम होगी। अब तक अपार आईडी बच्चों के पहली कक्षा में पहुंचने के बाद स्कूलों में बनाई जाती थी लेकिन अब प्रक्रिया में बदलाव करते हुए आंगनबाड़ी में ही अपार आईडी की व्यवस्था कर दी गई है। जिससे खासतौर पर निचले और गरीब तबके से आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी।

दरअसल अपार आईडी बच्चों का एक स्थायी शैक्षणिक रिकॉर्ड होता है। जिसमें नाम, जन्मतिथि, निवास और जाति प्रमाणपत्र जैसी मूलभूत जानकारियां दर्ज रहती हैं। आंगनबाड़ी स्तर पर यह रिकॉर्ड बन जाने के बाद स्कूल में एडमिशन के वक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस आईडी से देश के किसी भी हिस्से में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा। स्कूल की पढ़ाई खत्म होने के बाद उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए कॉलेज में दाखिले के वक्त भी अपार आईडी की आवश्यकता पड़ती है। अपार 12 अंकों की एक यूनिक आईडी होती है। इसमें बच्चों का संपूर्ण शैक्षणिक दस्तावेज कक्षावार अंकसूची, प्रशस्तिपत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र शामिल किए गए है। शिक्षण संचालनालय ने इसकी शुरूआत की है। दस्तावेज गुमने पर यह आनलाइन रिकार्ड के रूप में उपलब्ध रहता है। इसके आधार पर दूसरी प्रति प्राप्त की जा सकती है। स्कूल में पढ़ाई पूरा करने के बाद कभी भी 12 अंकों के आधार दस्तावेज प्राप्त किया जा सकता है। स्कूल की पढ़ाई के बाद विश्वविद्यालय में पंजीयन करवाते वक्त भी अपार आईडी की आवश्यकता होती है। इसके बिना पंजीयन की प्रक्रिया को पूर्ण नहीं किया जा सकता। आपार आईडी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का नाम पहले से दर्ज रहता है, इसलिए सही जानकारी के आधार पर आईडी बनाना आसान प्रक्रिया है। अक्सर देखा जाता है कि आधार कार्ड में नाम या अन्य विवरण गलत होने से स्कूल में दाखिले के समय परेशानी होती है। नई व्यवस्था से इस तरह की दिक्कतें कम होंगी और प्रवेश प्रक्रिया सरल बनेगी। बच्चों के एडमिशन के वक्त आधार कार्ड में गलत नाम अंकित होने पर अभिभावकों को दाखिल रजिस्टर वास्तविक नाम, जाति लिखवाने से परेशानी होती है। बच्चों के जन्म लेने के साथ आंगनबाड़ी में नाम जुड़ जाता है।

## नशामुक्ति की ओर बढ़ते कदम ग्राम पंचायत तेलसरा की प्रेरक पहल

**कोरबा।** ग्राम पंचायत तेलसरा, जनपद पंचायत कटघोरा में नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली डिपरापारा से बैगाकुड़ा तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। भारत माता वाहिनी दल के सदस्यों ने नारे और स्लोगन के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया और जागरूकता फैलाने के लिए नशामुक्ति साहित्य का वितरण किया। रैली के दौरान आमजन को नशा त्यागने और नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना द्वारा नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी गई। रैली में सुश्री दीपमाला नामदेव, उपनिरीक्षक आबकारी, जनपद सदस्य सुफूल दास, सरपंच श्रीमती इंदु मिथलेश कंवर, उपसरपंच विनय कंवर, पंच जयपाल सिंह कंवर, परिवीक्षा अधिकारी एमके दिवाकर, ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती लता पटेल, अजय साहू तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासियों का योगदान रहा। यह रैली ग्राम पंचायत तेलसरा सहित पूरे क्षेत्र में नशामुक्ति के संदेश को मजबूत करती है और समाज में एक सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरक कदम के रूप में स्थापित होती है।

* **कोरबा।** जिले में जनगणना-2027 के कार्य का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशन में जिले के सभी चार्ज क्षेत्रों में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक फील्ड में उतरकर हाउस-लिस्टिंग ब्लॉक की पहचान करते हुए घर-घर सर्वेक्षण कर रहे हैं।




**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर,**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रं. / तह./वा-1/2026
जांजगीर, दिनांक 30.04.2026
रा.प्र.क्र. /अ-19/2025-26
ग्राम- खोखरा

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम खोखरा को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के पत्र क्र. 4284/ भू-बंटन / 2026 जांजगीर, दिनांक 09.04.2026 अनुसार आवेदक श्री धनीराम फर्रे पिता स्व. मोहितराम, नैला भाठापारा वार्ड नंबर 01 द्वारा प.ह.न. 18 ग्राम खोखरा स्थित शासकीय भूमि ख.न. 2671/1 में से रकबा 0.20 एकड़ धनी सर्विसेस एवं प्रशिक्षण केन्द्र के लिए भूमि आबंटन किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15.05.2026 तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**जांजगीर**





# अमिताभ के साथ हुआ तगड़ा 'खेला' ..!

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन का 'संडे दर्शन' एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार वजह खुद महानायक नहीं, बल्कि उनके पड़ोसी बन गए हैं। हर हफ्ते की तरह अमिताभ बच्चन अपने घर के बाहर फैंस का अभिवादन कर रहे थे, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जमा थे। इसी दौरान कैमरा अचानक उनके घर के पीछे की छत पर खड़े एक पड़ोसी की ओर चला गया। वह शख्स चुपचाप पूरे पल को देख रहा था, लेकिन जैसे ही कैमरा उनकी तरफ गया, उनका रिएक्शन देखने लायक था। हल्की झिझक, चेहरे पर मुस्कान और हाथ जोड़कर उन्होंने इशारा किया कि उन्हें रिकॉर्ड न किया जाए।

लाइफ Style

# तृषा
## बनना चाहती थीं क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट

फिल्म इंडस्ट्री में हर किसी के लिए अपनी पहचान बना पाना उतना आसान नहीं है, फिर चाहे वो हीरो हो या हीरोइन। आज हम आपको ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आज ये हीरोइन भारत की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस हैं। हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं बल्कि साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन हैं, जो इस समय सुपरस्टार विजय थलापति के साथ अफेयर की खबरों को लेकर पिछले कुछ समय से सुर्खियों में छाई हुई हैं। तृषा ने चेन्नई में ही बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई की। तृषा ने बताया था कि वो क्रिमिनल साइकोलॉजिस्ट बनना चाहती हैं। कॉलेज के दिनों ही उन्होंने मॉडलिंग में कदम रख दिया। इसके बाद तृषा ने साल 1999 में मिस मद्रास का खिताब जीता। इसके बाद से तृषा को फिल्मों के ऑफर आने लगे। तृषा ने अपने एक्टिंग की शुरुआत साल 1999 में आई तमिल फिल्म 'जोड़ी' में सपोर्टिंग रोल से की थी। साल 2000 में आए फाल्गुनी पाठक के हिट सॉन्ग 'चुनरी उड़ उड़ जाए' में तृषा को आशिया टाकिया के साथ कास्ट किया गया, जिसमें उनके काम की तारीफ हर किसी ने की। 2002 में आई फिल्म 'मौनम पेसियाधे' में तृषा बतौर लीड एक्ट्रेस कास्ट हुईं, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे नहीं देखा। तृषा कृष्णन ने तमिल और तेलुगु सिनेमा में कई सुपरहिट फिल्में देने के साथ ही बॉलीवुड में भी एक हिट फिल्म दी है।



हॉलीवुड मसाला



# स्क्रीन पर देखकर नहीं होंगे बोर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री जेंडाया की 2026 में कई बड़ी फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। जेंडाया ने कहा, मुझे उम्मीद है कि फैंस मुझे बार-बार स्क्रीन पर देखकर बोर नहीं होंगे। मैं सच में फैंस की आभारी हूं, जो मेरे फिल्मों और मेरे करियर को सपोर्ट करते हैं। मैं अपने हर प्रोजेक्ट के लिए दर्शकों के प्यार और समर्थन की शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा, इस साल दर्शक मुझे काफी ज्यादा देखने वाले हैं, क्योंकि मेरी कई फिल्में और शोज एक के एक रिलीज होने वाले हैं।



# लिसा कुड्रो के शो ने रचा था इतिहास...

**लॉस एंजिल्स।** 'फ्रेंड्स' साल 1994 में शुरू हुआ, तो उसने इतिहास रच दिया। हॉलीवुड स्टार लिसा कुड्रो ने बताया कि उस समय में वह दो अलग-अलग शो में नज़र आ रही थीं और दोनों में उनके किरदार अलग थे। इससे दर्शकों के बीच भ्रम की स्थिति न बने, इसके लिए मेकर्स ने एक दिलचस्प तरीका निकाला था। 'मैड अबाउट यू' के उनके किरदार उर्सुला बफे को 'फ्रेंड्स' में फीबी की जुड़वां बहन के रूप में दिखाया गया। यह बदलाव दर्शकों को भी पसंद आया। इस तरह वह उर्सुला का किरदार भी निभा सकें और फीबी का भी। लिसा ने कहा, मैं किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती थी। मुझे लगता था कि अगर 'फ्रेंड्स' कुछ एपिसोड के बाद बंद हो गया, तो मेरे पास 'मैड अबाउट यू' जैसा विकल्प होना चाहिए।



# प्रियंका इस बार नहीं जा रहीं मेट गाला

**मुंबई।** हर साल 'मेट गाला' इवेंट में अपने स्टाइल से लाइमलाइट चुराने वाली प्रियंका चोपड़ा 2026 में होने वाले इस फेमस इवेंट के रेड कार्पेट पर नजर नहीं आएंगी। लेकिन सूत्रों के हवाले से एक खबर सामने आई है कि प्रियंका इस साल मेट गाला में शामिल नहीं हो पाएंगी क्योंकि एक्ट्रेस इस समय 'सिटाडेल' के अपकमिंग सीजन के प्रमोशन के लिए तैयारियां कर रही हैं। प्रियंका की ये नई सीरीज 6 मई को एक एक्सटेनसि ग्लोबल प्रेस टूर के बीच में रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद वह गोल्ड हाउस गाला के लिए लॉस एंजिल्स का टूर करेंगी, जहां उन्हें लगातार दूसरे बार ग्लोबल वैंगार्ड अवॉर्ड से नवाजा किया जाएगा। इन खबरों के बीच मेट गाला ने प्रियंका चोपड़ा से जुड़ी कुछ खास यादों और फोटोज को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।



# 'चांद मेरा दिल'... गाने का टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म चांद मेरा दिल के बहुप्रतीक्षित तीसरे ट्रैक 'खासियत' का टीज़र रिलीज कर दिया गया है। इससे पहले 'चांद मेरा दिल' टाइटल ट्रैक और 'ऐतबार' को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। गाने 'खासियत' को सचिन जिगर ने संगीत दिया है, जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। इस रोमांटिक ट्रैक को राघव चैतन्य और जोनिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। मेकर्स के अनुसार पूरा गाना जल्द ही रिलीज किया जाएगा। फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य की जोड़ी पहली बार साथ नजर आएगी। टीजर में दोनों की केमिस्ट्री काफी इमोशनल और इंटेंस दिखाई दे रही है, जो फिल्म की लव स्टोरी को खास बनाती है। चांद मेरा दिल 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल 'खासियत' के टीजर ने फिल्म के लिए शानदार माहौल तैयार कर दिया है।

टीवी मसाला

# नागिन 7 के एपिसोड में हुआ टीवी के इतिहास का सबसे बड़ा ब्लंडर...

मुंबई। टीवी की दुनिया में इन दिनों 'नागिन 7' को लेकर जबरदस्त चर्चा छिड़ी हुई है, लेकिन इस बार वजह शो की कहानी नहीं बल्कि एक बड़ी तकनीकी गलती बन गई हैं। हाल ही में रिलीज हुए एपिसोड में ऐसा ब्लंडर देखने को मिला, जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया। दरअसल, शो के एक सीन में मेकर्स ब्लू स्क्रीन हटाना ही भूल गए। ये सीन तब का है, जब अनंता अपने दुश्मनों से भिड़ती नजर आती है। आमतौर पर ऐसे सीन्स में वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इस बार एडिटिंग में बड़ी चूक हो गई, और बैकग्राउंड में ब्लू स्क्रीन साफ दिखाई दे गई। भले ही ये गलती कुछ सेकंड की थी, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने तुरंत इसे पकड़ लिया। इस गलती के सामने आते ही दर्शकों ने मेकर्स को ट्रोल करना शुरू कर दिया। कई यूजर्स ने कहा कि शो को जल्द खत्म करने की जल्दबाजी में क्वालिटी से समझौता किया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों ने शो के वीएफएक्स पर भी सवाल खड़े किए और इसे पहले से ही कमजोर बताया। शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर पहले भी कई बार अपने कंटेंट और वीएफएक्स को लेकर आलोचनाओं का सामना कर चुकी हैं, लेकिन इस बार की गलती ने मामला और बढ़ा दिया। खास बात ये है, कि ये गड़बड़ी जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुए एपिसोड में नजर आई, जबकि टीवी पर टेलीकास्ट के दौरान इसे ठीक कर दिया गया था।



# श्रुति करेंगी फिल्म पेड्डी में स्पेशल डांस नंबर



**मुंबई।** पेड्डी को लेकर और बड़ा अपडेट सामने आया है। सिनेमा की बज गर्ल श्रुति हासन फिल्म में एक हाई-एनर्जी स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग इस वक्त चल रही है। इससे पहले उन्हें एक और बड़े प्रोजेक्ट वाराणसी के लिए भी अप्रोच किया गया था। इससे साफ है कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी आने वाली फिल्मों में उनकी डिमांड और मौजूदगी लगातार बढ़ रही है। पेड्डी का म्यूजिक एल्बम तेजी से बड़ा चर्चा का विषय बनता जा रहा है, जहां हर नया गाना फिल्म की बढ़ती लोकप्रियता में और इजाफा कर रहा है। पहला सिंगल चिकिरी चिकिरी अपनी कैची एनर्जी और एआर रहमान के शानदार म्यूजिक के चलते अलग नजर आया और जल्दी ही फैंस का फेवरेट बन गया। यह गाना सभी प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है, जो इसके लिए ब्लॉकबस्टर शुरुआत मानी जा रही है। इस सफलता के बाद दूसरा गाना राई राई रा रा रिलीज हुआ, जिसने बिल्कुल अलग अंदाज पेश किया। इसके इलेक्ट्रिफाइंग बीट्स और शानदार कोरियोग्राफी को लोगों ने खूब पसंद किया। यह गाना सोशल मीडिया पर जमकर शेयर और सेलिब्रेट किया गया, साथ ही यूट्यूब पर 65 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है, जिससे पेड्डी को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।

# शुरू की कान्स फिल्म फेस्टिवल की तैयारी

मुंबई। इस साल का 79वां कान्स फिल्म फेस्टिवल 12 से 23 मई तक फ्रांस में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट के लिए जैकलीन फर्नांडिस ने अभी से अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसमें रेड कार्पेट लुक्स, फैशन फिटिंग्स और आउटफिट सेलेक्शन शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, जैकलीन इस बार अपने रेड कार्पेट अपीयरेंस को लेकर बेहद सतर्क हैं। वह अलग-अलग डिजाइनर्स के



साथ मिलकर अपने लुक्स फाइनल कर रही हैं ताकि इंटरनेशनल स्टेज पर उनकी मौजूदगी और भी प्रभावशाली बन सके। पिछले कुछ वर्षों में जैकलीन का कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 से मजबूत जुड़ाव रहा है। 2025 में उन्हें 'वीमेन इन सिनेमा' पहल के तहत सम्मानित भी किया गया था, जिससे उनकी ग्लोबल पहचान और मजबूत हुई। अब एक बार फिर कान्स के लिए उनकी तैयारी शुरू होने के साथ, सभी की नजरें जैकलीन पर।

# दुल्हन बनने वाली हैं हुमा



**मुंबई।** एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर खूब सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्मी गलियारों में ये चर्चा तेज़ी से हो रही है कि 40 साल की हुमा अब जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं और अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करने वाली हैं। हुमा कुरैशी की शादी की खबर सामने आते ही जहां फैंस खुशी से झूम उठे हैं, वहीं लोगों के मन में कई सवाल भी उठने लगे हैं। आखिर शादी कैसे होगी? क्या हुमा कुरैशी निकाह कर नई जिंदगी की शुरुआत करेंगी, या फिर अपने मंगेतर रचित सिंह के साथ सात फेरे लेकर सात जन्मों का रिश्ता जोड़ेंगी? बता दें कि हुमा कुरैशी के मंगेतर रचित सिंह बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ के फिटनेस ट्रेनर हैं। गौर करने वाली बात है कि साल 2025 के सितंबर महीने में हुमा कुरैशी और रचित सिंह ने सीक्रेट एंगेजमेंट कर ताउम्र का रिश्ता जोड़ लिया था। माना जा रहा है कि हुमा कुरैशी बॉलीवुड पार्टी की बजाय एक प्राइवेट फंक्शन में अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी करेंगी। शादी के बाद एक्ट्रेस बॉलीवुड के दोस्तों के लिए रिसेप्शन देंगी।

## सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के क्लू दिखने लगे थे विजय

# सालों से सीएम बनने का सपना देख रहे थे थलपति विजय?

**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार थलापति विजय ने आखिरकार एक्टिंग से ब्रेक लेकर राजनीति की राह चुन ली है। उनकी पार्टी टीवीके के साथ वे अब नई पारी की शुरुआत कर चुके हैं। इसी बीच उनकी आखिरी फिल्म जन नायकन रिलीज के लिए तैयार है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है, कि विजय की फिल्मों में सालों पहले से ही राजनीति और सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के क्लू दिखने लगे थे? विजय सालों पहले सीएम बनने के सपने देखने लगे थे। आइए उनकी उन फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने उन्हें सिर्फ स्टार नहीं, बल्कि जनता का हीरो बनाया।

***बताई एक वोट की कीमत :*** सबसे पहले बात सरकार की, 2018 में आई इस फिल्म में विजय ने वोटिंग सिस्टम की खामियों और चुनावी धांधली जैसे मुद्दों को उठाया। एक एनआरआई बिजनेसमैन का किरदार निभाते हुए उन्होंने ये दिखाया कि एक वोट की ताकत क्या होती है।

***मार्शल ने दिया था सोशल मैसेज :*** इसके बाद आती है मार्शन, जिसमें विजय डबल रोल में नजर आए। फिल्म ने हेल्थकेयर सिस्टम की कमियों और महंगे इलाज के मुद्दे पर सीधा सवाल उठाया। ये सिर्फ एंटरटेनमेंट नहीं, बल्कि एक मजबूत सोशल मैसेज भी थी।



***आतंकवाद के खिलाफ उठाए सख्त कदम :*** थुप्पाक्की में विजय ने एक आर्मी ऑफिसर का रोल निभाया, जो देशभक्ति और सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर बेहद सजग है। फिल्म ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया।

***सिस्टम की खामियों पर उठाए सवाल :*** 2021 में आई मास्टर में विजय एक प्रोफेसर बने, जो भटके हुए युवाओं को सही राह दिखाता है। इसमें सिस्टम की खामियों और जिम्मेदारी की अहमियत को दिखाया गया।

***सोशल मुद्दों पर विजय ने उठाए सवाल :*** वहीं कत्थी को विजय की सबसे प्रभावशाली फिल्मों में गिना जाता है। किसानों की समस्या, पानी का संकट और कॉर्पोरेट कब्जे जैसे मुद्दों पर बनी ये फिल्म आज भी दर्शको को खूब पसंद है।

***विजय ने बताया कैसे महिलाएं कर सकती हैं कमाल :*** बिगिल में विजय ने महिला सशक्तिकरण का मुद्दा उठाया। ये फिल्म बताती है, कि कैसे सपोर्ट और बराबरी का मौका मिलने पर महिलाएं भी कमाल कर सकती हैं।

सिर्फ एक एक्टर नहीं रहे, बल्कि समाज और सिस्टम को लेकर उनकी सोच हमेशा से साफ रही है। अब जब वे राजनीति में उतर चुके हैं, तो फैंस को उम्मीद है, कि पर्दे पर दिखाया गया उनका 'जननायक' वाला अंदाज असल जिंदगी में भी नजर आएगा।

## खबर संक्षेप

### तेंदुआ धाम पहुंचे सांसद बृजमोहन कार्यकर्ताओं से की भेंट



**तुस्मा।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने संत शिरोमणि रामभद्राचार्य से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आध्यात्मिक दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात सांसद बृजमोहन अग्रवाल तुस्मा क्षेत्र के पूर्व सरपंच कमल प्रसाद पटेल के निज निवास पहुंचे,जहां उनका स्वागत किया गया। श्री अग्रवाल ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस अवसर पर भूतपूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव बंजारे, शिवरीनारायण भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, चंद्र कांत तिवारी,गोपी चंद साहू,ताम्रध्वज पटेल,अजय प्रधान,रामनाथ साहू,संतोष साहू,बजरंग साहू,ईश्वरी कर्ष,मंगलू लहरें,परमानंद साहू दुर्गेश साहू मौजूद रहे।

### प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा तिथि 1 से 10 तक

**सक्ती।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की तिथि, परीक्षा समय एवं प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं-जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट एवं एनडीए-की तैयारी कराई जाती है। इसी उद्देश्य से राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 1 मई से 10 मई तक डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी, जिसमें ओएमआर शीट भरने का समय प्रातः 9:30 बजे से 10 बजे तक निर्धारित है तथा परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र विभागीय बेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### कोडाभाट मंडल की हुई बैठक पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से चर्चा



**तनौद।** भाजपा मण्डल कोड़ाभाट की बैठक ग्राम देवरी साहू धर्म शाला में हुई। इस दौरान आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में राजेन्द्र वैष्णव, जिला संगठन सह प्रभारी एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में गुलाब सिंह चंदेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा एवं चंद्रकांत तिवारी, कोड़ाभाट मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान बंगाल व असम राज्य में भाजपा की जीत पर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी। बैठक में उत्तम कुमार सोनी, सनत साहू महामंत्री द्वय, महेश्वर यादव, बसंत यादव, रितेश सिंह, रामकीर्तन कश्यप, श्रीमती रजनी दीपक साहू, खेदनाथ साहू, प्यारेलाल कश्यप, शकुन्तला श्रीवास,रामहरि साहू, लवकुमार साहू, मनोज कुमार चौहान, विजय यादव, पुष्पराज त्रिपाठी, राजकुमार साहू, धरम सीदार, रूपेश सोनी, सीताराम उजीर, प्रखर यादव, राजदीप थवाईत, विजय यादव, नगेंद्र साहू, उतरेश्वर साहू, अशोक कुमार साहू, दिगम्बर तिवारी, आयुष अग्रवाल, हेमंत कुमार यादव, अभिषेक यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में सेजेस अकलतरा का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**अकलतरा।** स्वामी आत्मानंदअंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा ने लगातार पांचवे वर्ष दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान कृतिका राज, पिता रूपेश कुमार राज 94.16 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रियंका टंडन पिता अविनाश टंडन 93.16 प्रतिशत, तृतीय स्थान प्रज्ञा भेड़पाल पिता स्व रघुबीर प्रसाद भेड़पाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वही कक्षा 12वी में प्रथम स्थान जागृति प्रजापति पिता स्व जयप्रकाश प्रजापति 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अमन तंबोली पिता रमेश कुमार तंबोली 91.8 प्रतिशत तृतीय स्थान रौनक साहू पिता रामकुमार साहू ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्वामी आत्मानंद स्कूल अकलतरा का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि जागृति प्रजापति ने सत्र 2023-24में कक्षा 10वीं में राज्य के टॉप टेन की सूची में अपना स्थान बनाया था किंतु इस वर्ष वह मात्र 2 अंकों से टॉप टेन सूची में आने से चूक गई। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों के अथक प्रयास से अर्जित इस सफलता पर प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह एवं शाला परिवार ने शुभकामनाएं दी।



## नगर पालिका जांजगीर नैला व सेमरिया में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

# सुशासन तिहार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सुशासन तिहार के दौरान जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े।

सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 7 सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सुशासन तिहार का उदृदेश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण है।

मंगलवार 5 मई को नगर पालिका जांजगीर-नगर पालिका जांजगीर-नैला के गौशाला स्कूल परिसर एवं ग्रामीण क्षेत्र के जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम सेमरिया के शा.पू.मा.शाला सेमरिया में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गौशाला स्कूल परिसर कलस्टर में वार्डों क्र. 1 से 10 एवं सेमरिया कलस्टर में सेमरिया, कोनार, मुलमुला, नंदेली, भैंसो, झिलमिली, कोसा, डिघोरा, बोरसी, जेवरा, कोसीर, केसला, झूलन, चोरभट्ठी, खपरी, जोगीडीपा, पचरी, लगरा, सिल्ली, चण्डीपारा ग्राम पंचायत शामिल हुए। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को जाल, आइस बॉक्स, किसान किताब, नैनो यूरिया, आवास योजना की चाबी, लखपति दीदी प्रमाण पत्र, स्वामित्व कार्ड, बी1, नक्शा खसरा सहित विभिन्न योजना के तहत सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। साथ ही पीएम आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों क्री चाबी भी प्रदान किया गया। समाधान शिविरों में नागरिकों द्वारा नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे राजस्व मामलों के साथ-साथ आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली, ट्रांसफार्मर और आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन, पेंशन, श्रम कार्ड, जैसी विभिन्न विभागों के योजनाओं से लाभ लेने तथा विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। शिविर में नगर पालिका जांजगीर-नैला में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 41 मांग एवं 30 शिकायत से संबंधित है। सेमरिया में कुल 708 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 700 मांग एवं 8 शिकायत से संबंधित है। पूर्व संसदीय सचिव अम्बेश जांगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन 10 जून तक निरंतर जारी रहेगा। कलेक्टर श्री महोबे ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं का सुगमता, पारदर्शिता एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

# शिविर में 110 लोगों ने किया रक्तदान

## जरूरतमंदों को जांच के बाद दी गई दवाईयां

### बनाहिल में लगा नि:शुल्क शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



प्रतिभावान लोगों का सम्मान करते अतिथि।

मानवता के मेला में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा जरूरतमंद मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयो का वितरण किया गया, रक्तदान शिविर में 110 लोगों द्वारा रक्तदान करने के साथ अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से 500 लोगों के आंखों की जांच की गई। इसके साथ ही प्रतिभावान लोगों का सम्मान किया गया।

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में भारतीय जैन संगठना बिलासपुर द्वारा ग्रामीण अंचल में मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पूर्व रजिस्ट्रार जनरल नीलम चंद सांखला, रायगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार जैन, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के रजिस्ट्रार पंकज कुमार जैन, जैन समाज बिलासपुर के संरक्षक विनोद जैन, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी, भारतीय जैन संघटना के प्रदेश संरक्षक विमल चोपड़ा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय सिंघी, राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रमुख मनोज लुंकड़, प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल के आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1985 में शांतिलाल मुथा द्वारा भारतीय जैन संगठना की स्थापना की गई थी। जितेंद्र कुमार जैन ने कहा कि जैन समाज को सेवा के कार्य के लिए जाना जाता है। जैन धर्म में परिग्रह को छोड़ने के साथ सेवा भाव को प्रथम बताया गया है। पंकज कुमार जैन ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में सेवा का भाव अवश्य होना चाहिए दूसरों की सेवा करके हम पुण्य कमाने के साथ उसके जीवन यापन करने में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। कार्यक्रम को विनोद जैन, प्रकाश मोदी, संजय सिंघी एवं विजय गंगवाल ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन भारतीय जैन संघटना के अमरेश जैन ने किया एवं आभार प्रदर्शन ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय के संचालक डॉक्टर जेके जैन ने किया। कार्यक्रम में सतीश दीवान, मोहम्मद इमरान खान, प्रकाश जैन, रमेश जैन, सुशील जैन, रवि जैन, राजेश जैन, राजू जैन, दीपक जैन, सौरभ जैन, अंशुल जैन, पराग जैन, राकेश तेजानी, राजू तेजानी, रितेश तेजानी, अमित जैन, अंकित जैन, क्षिप्रा जैन आंचल जैन एवं क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वस्त्र संगम वितरण कार्यक्रम में सुबह 9 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक क्षेत्र के 7500 जरूरतमंद लोगों को वस्त्र का वितरण किया गया।

## जिले में बिजली की समस्या को लेकर विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से डॉ महन्त ने की चर्चा



**सक्ती।** जिले में लगातार हो रही बिजली बंद एवँ नए सब स्टेशन के निर्माण को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से विश्राम गृह सक्ती में चर्चा की। जिस पर अधिकारियों द्वारा दुरूस्त करने का आश्वासन दिया।

ज्ञात हो कि जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान है। जिस पर डॉ महन्त के अधिकारियों से कहा कि जिले की विद्युत आपूर्ति में बाधित न हो इसकी तत्काल व्यवस्था करें उच्च सब स्टेशन हेतु भूमि चयन कर जन्द ही स्थान चिन्हित करें। सब स्टेशन सकती शहर के आसपास ही हो ताकि बिजली की समस्या न हो गावो में ट्रांसफार्मर बदलने में बिलम्ब हो इस बात का ध्यान रखे बिजली विभाग के रायगढ़ वृत के कार्यपालक निर्देशक मनीष तनेजा एवँ आधीक्षण यंत्री जांजगीर अमर चौधरी ने आस्वस्त किया विद्युत वितरण प्रणाली को ठीक किया जावेगा। कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जावेगी। डॉ चरण दास महन्त के साथ चर्चा के दौरान जिला कॉग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत गुलज़ार सिंह विधायक प्रतिनिधि कलेक्टर कार्यालय गिरधर जायसवाल विधायक प्रतिनिधि विद्युत विभाग पिंटू ठाकुर कार्यपालन अभियंता अजय भारद्वाज सहायक यंत्री सूरज जंघेल शामिल थे विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उच्च सब स्टेशन निर्माण होने के बाद बिजली की समस्या नहीं होगी।

## लाल चौक का पुनउर्द्धार व मार्ग का नाम हुआ कामरेड राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह।

नगर के सीसीआई चौक में स्थित लाल चौक के पुनरुद्धार एवं मार्ग का नाम जाने माने किसान मजदूर नेता कामरेड राणा चितरंजन सिंह के नामकरण पट्टिका का लोकार्पण गरिमामय वातावरण में उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रुप में उपस्थित आनंद मिश्रा ने राणा को याद करते हुए बताया कि जमीनदार परिवार में जन्म लेकर उच्च शिक्षा के लिए जाने पर उनमें वैचारिक परिवर्तन आया वहां से लौटकर वाम पंथी विचारधारा के अनुरुप मजदूर कृषक एवं शोषितो को न्याय दिलाने के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहे वे चाहते तो राष्ट्रीय राजनीति पर उभर सकते थे किन्तु उन्होंने अंचल की सेवा करना स्वीकार किया। ऐसे व्यक्ति विरले ही होते है। बिलासपुर से आई युवा नेत्री प्रियंका शुक्ला ने राणा साहब जैसे नायक के जीवनी पर समकालीनों से जानकारी लेकर जीवनवृत्त प्रकाशित करने का आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी इससे लाभान्वित होकर अपने जीवन को समाज सेवा के लिए अपना सके। वरिष्ठ नेता लक्ष्मण मुकीम ने कहा कि यहां उपस्थित सभी दल के लोग जो लाल सलाम का नारा लगा रहे है यह उनके व्यक्तित्व का परिचायक है। रवि सिंह सिसोदिया ने कहा कि राणा चितरंजन सिंह ने केवल मजदूर हितों तक ही सीमित न रहकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए, जिससे समाज को नई दिशा मिली। सभा को ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर के पुत्र विजय बहादुर सिंह, मजदूर नेता लालजी पांडेय, राज बहादूर सिंह, रमाकांत सिंह, बुढ्ढा खान, रवि सिसोदिया ने भी संबोधित कर उनके साथ बिताये हुए पलो को याद किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद इमरान एवं आभार प्रदर्शन पार्षद राजकुमार सिंह एवं खुलन सोनवानी ने किया। इस अवसर पर अरुण राणा, अभिषेक मिश्रा, नरेश हरगुनानी, कलीम खान, दिनेश राणा, अशोक गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, पार्षद राजू राठी, सितारा टंडन, राज सिंह, छतराम साहू, सीएमओं संजय सिंह, अंकित सिंह, अमित यादव, महेश बनाफर, चंद्रप्रकाश लावनिया, एके मिश्रा, मनोज अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में नगर वासी सम्मिलित हुए।

## भाजपा मंडल स्तरीय बैठक में विस्तार से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाराद्वार में मण्डल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा आगामी रणनीतियों पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान सक्रिय रहकर जनता के बीच निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के समापन के बाद पश्चिम बंगाल एवं असम में भाजपा की जीत की खुशी में झालमुड़ी का वितरण कर जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए उत्साहपूर्वक जीत का जश्न मनाया गया। बैठक के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, मण्डल अध्यक्ष गेंद राम मनहर, जिला मंत्री अरुण शर्मा, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विराट द्विवेदी, मण्डल महामंत्री नरेंद्र साहू एवं श्रीमती सुलोचना कुंभकार, मण्डल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल जोशी, सांसद प्रतिनिधि अमित कलानोरिया सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 20 पंचायतों के नागरिकों की समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्तियो तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार के अंतर्गत 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सक्ती जनपद पंचायत के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला लहंगा में 6 मई 2026 को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। जारी आदेश के तहत सक्ती जनपद पंचायत के सम्मिलित ग्राम लहंगा, पासीद, किरारी, खुटदहरा,रेडा, सरवानी बा, सकरेली बा, डूमरपारा, डेरागढ, बाराद्वारबस्ती, पलाडीखुर्द, पलाडीकला, नन्दौरखुर्द, नन्दौरकला, लवसरा, बेल्हाडीह, नगरदा, कुरदा,जर्वे, सुन्दरेली ग्राम पंचायत क्लस्टर में शामिल है। शिविर के सफल संचालन हेतु सक्ती जनपद पंचायत अंतर्गत लहंगा शिविर स्थल के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण, जिला सक्ती को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आनंदम धाम आश्रम में भाजपा की जीत पर मना दीप उत्सव



**चांपा ।** पश्चिम बंगाल एवं असम विधान सभा चुनाव में सोमवार 4 मई को भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत पर सद्गुरू रितेश्वर महाराज की प्रेरणा से स्थानीय मारूति टाऊनशिप स्थित आनंदम धाम आश्रम में दीप उत्सव मनाया गया।

इस मौके पर आश्रम में भव्य आतिशबाजी का आयोजन कर मिष्ठान्न वितरण किया गया। आश्रम संचालक सत्येन्द्र सिंह ने एक गीत प्रस्तुत कर भाजपा की जीत की खुशियाँ व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या में राम राज की स्थापना के लिए अंधकार को दूर करने जिस तरह दीपों का उजियारा किया गया था। उन्होंने बताया कि देश में जितने भी आनंदम धाम आश्रम संचालित है उन सब में एक साथ सोमवार को शाम दीप उत्सव मनाकर भाजपा की जीत पर खुशियाँ व्यक्त की गई। दीप उत्सव मनाये जाने के बाद सभी उपस्थितों में मिष्ठान्न का वितरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम संचालक सत्येन्द्र सिंह सहित सारे आश्रमवासी एवं गुरू भाई तथा प्रेमीजन मौजूद थे।

## राहौद में छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

# त्याग, तपस्या, संघर्ष व कड़ी मेहनत के बिना मंजिल संभव नहीं : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद




जीवन में यदि कोई मंजिल पानी है तो उसके लिए त्याग, तपस्या, संघर्ष, कड़ी मेहनत और समर्पण जरुरी है। इन सभी बाधाओं को यदि आप पार करते हैं तो आपको अपनी मंजिल तक पहुंचने में कोई रोक नहीं सकता।

उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ अठोरिया राहौद में आयोजित यादव समाज केन्द्र पामगढ़ के वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि की आसंदी से चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मेहनत करने से कभी मत घबराईये क्योंकि आपकी पहचान मेहनत से ही होती है। समाज की महिला पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे लडक़ों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी अवश्य ध्यान देवें क्योंकि बिना शिक्षा के कुछ भी संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि के रुप में भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि जब-जब कृष्ण के वंशज रथ चलाते हैं तो समझो महाभारत होता है। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश ने कहा कि मेरे द्वारा धरदेई यादव समाज के भवन के लिए जो राशि की घोषणा की गई थी वह 16 लाख रुपए इससे अपने समाज का भवन बना सकते हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जवाहर यादव, जनपद सदस्य श्रीमती पुष्पलता सन्नी यादव, सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष सन्नी यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सत्या राजेंद्र गुप्ता, कार्य.अध्यक्ष दिलचंद यादव, अमित यादव बिलासपुर,महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती किरण यादव, सचिव रमेश यादव, कोषाध्यक्ष पुनाऊ राम यादव उपस्थित थे। स्वागत भाषण अध्यक्ष जवाहर यादव ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेशराम यादव, खोलबहरा यादव, संरक्षक, महासचिव किशनलाल यादव, संयोजक सीताराम यादव, प्रवक्ता ललित यादव, उपाध्यक्ष शिवशंकर यादव, कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन यादव,अश्वनी यादव प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिलचंद यादव, तेरस यादव मिडिया प्रभारी, राजकुमार यादव,लाला यादव, लोमश यादव, ईश्वर यादव, कन्हैया यादव, भुरू यादव, विक्की यादव, राधे यादव ओमप्रकाश यादव, सरपंच मुड़पार मनोज यादव,पार्षद आकाश यादव, प्रकाश यादव, सतीश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

